पंजाब केसरी 05/04/2026

जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने मटके लेकर निकाली 'वॉक फॉर वाटर' जागरूकता रैली

वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर वैश्विक चुनौती : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 4 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने शनिवार को मटके लेकर 'वॉक फॉर वाटर' जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज के एस.डी.जी. क्लब, इको क्लब, एन.एस.एस. तथा समाजशास्त्र विभाग द्वारा एपैक्स एस.डी.जी. के सहयोग से आयोजित इस जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति समाज को प्रेरित करना और जल के महत्व के बारे में व्यापक संदेश देना था।

'वॉक फॉर वाटर' जागरूकता रैली निकालते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन चुका है और प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य है कि वह जल के संरक्षण के लिए जागरूक और सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने सभी को जल बचाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पारंपरिक मटकों में पानी भरकर कॉलेज के मुख्य द्वार से लेकर आसपास के क्षेत्रों तक पदयात्रा की। इस अनूठी पहल के माध्यम से विद्यार्थियों ने आमजन को जल के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए 'जल है तो कल है' का सशक्त संदेश दिया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने जिम्मेदारी और उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की। कार्यक्रम में डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. शिखा जग्गी, डॉ. मीनू राठी, डॉ. अमिता तथा अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष एवं कॉलेज एन.एस.एस. इकाई की सलाहकार सदस्य गीति बिंद्रा ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।